nandgaon times june-26-3.qxd 6/25/2026 11:58 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

आयुक्त ने कर्मचारी संघो की उपस्थिति... पृष्ठ 2 | डोंगरगढ़ की 55 करोड़ रुपये... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 26 जून 2026, राजनांदगांव — आरएनआई 30910/76 — वर्ष 50, अंक 252, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों के लिए खाद-बीज उपलब्धता पर हुई विस्तृत चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जेपी नड्डा से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जनस्वास्थ्य, चिकित्सा अधोसंरचना, औषधि एवं उर्वरक क्षेत्र सहित विभिन्न विभागीय और समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। विशेष रूप से दूरस्थ, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों को मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर उपचार और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध हों।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि और उर्वरक क्षेत्र से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि राज्य में किसानों को खाद और बीज की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा खरीफ सीजन के दौरान आवश्यक कृषि आदानों की आपूर्ति सुचारु रूप से बनी रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि खाद वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा लापरवाही को कतई बर्दाश्त न किया जाए। साथ ही गांव-गांव अभियान चलाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि राज्य सरकार नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। किसानों को इनके लाभों की जानकारी देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि खेती में उत्पादन क्षमता बढ़े, लागत कम हो और कृषि अधिक लाभकारी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भारत सरकार के पूर्ण सहयोग से स्वास्थ्य, कृषि और जनकल्याण के क्षेत्रों में विकास को नई गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय को और मजबूत किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, किसानों के हित में उठाए जा रहे कदमों तथा जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य एवं अन्य विकासात्मक क्षेत्रों में केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

खाद नहीं, बीज नहीं... अब सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

29 जून को तुमड़ीबोड़ में चक्काजाम का ऐलान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। खाद-बीज की कमी, बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर कांग्रेस ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में बड़ा आंदोलन छेड़ने का निर्णय लिया है। पार्टी ने 29 जून को दोपहर 3 बजे ग्राम तुमड़ीबोड़ में विधानसभा स्तरीय विरोध प्रदर्शन, चक्काजाम और ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया है।

डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस आंदोलन को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और लालबहादुर नगर संयुक्त रूप से संचालित करेंगे, जबकि वरिष्ठ किसान नेता गुलाब वर्मा को कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है।

कांग्रेस का आरोप है कि खरीफसीजन के दौरान किसान खाद और बीज की कमी से जूझ रहे हैं, जबकि पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की परेशानियां बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पार्टी ने भाजपा शासनकाल में बिजली बिलों में की गई बढ़ोतरी को भी जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताते हुए इसे वापस लेने की मांग उठाई है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि किसानों और आम नागरिकों से जुड़े इन मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए तुमड़ीबोड़ में होने वाले इस आंदोलन के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी जाएगी। पार्टी ने किसानों को समय पर पर्याप्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में राहत देने, अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने तथा बढ़े हुए बिजली बिल वापस लेने की मांग को प्रमुखता से उठाने की बात कही है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने जिला पंचायत एवं जनपद सदस्यों, मंडल और सेक्टर पदाधिकारियों, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित सभी अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या मेंशामिल होने की अपीलकी है।झ

साहित्यकार स्व0 इंदुभूषण ठाकुर जन्म शताब्दी वर्ष साहित्यिक समारोह 28 जून को

निगम सभागार में बड़ी संख्या में जुटेंगे कवि साहित्यकार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा 28 जून रविवार को संस्कार धानी के मूर्धन्य साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी युगीन कवि साहित्यकार स्व0 इंदुभूषण ठाकुर जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शहर के महंत राजा बलराम दास सभागार में रविवार 11 : 30 बजे से तीन सत्रों में आयोजित होने वाले प्रथम सत्र के उक्त गरिमामय साहित्यिक आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव जी है।

इंदू जी की रचना संसार पर परिचर्चा

साहित्य समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा अकाट्य ने बताया कि साहित्यिक परिचर्चा, पुस्तक विमोचन एवं सरस काव्य -गोष्ठी के साथ आयोजित स्व0 इंदुभूषण ठाकुर जी की काव्य रचना संसार पर परिचर्चा के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छ0ग0शासन- रायपुर) के अध्यक्ष मान0 प्रभात मिश्रा जी है। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व इतिहासकार डॉ रमेद्र नाथ मिश्र - रायपुर द्वारा की जाएगी। इस अवसर विशिष्ट अतिथि -डॉ आशुतोष चतुर्वेदी (पूर्व आयुक्त नगर निगम-राज0) उपन्यासकार- यक्षिणी, व लघुकथा (कंथली) कार डॉ ,महेंद्र ठाकुर जी लघुकथा (कंथली)कार- रायपुर व वरिष्ठ कथाकार श्रीमती सुभदा मिश्रा जी डोंगरगढ़ है। विमोचित काव्य-संग्रह, व काव्य गोष्ठी समिति के उपाध्यक्ष द्रय- थंगेश्वर साहू मीत व कवयित्री सुषमा शुक्ला अंशुमन ने बताया कि इस अवसर पर कवि साहित्यकार डॉ अशोक आकाश की विमोचित कृति *मदिरालय पर चर्चा तथा सरस काव्य - गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि साहित्यकार शशिकांत द्विवेदी, अध्यक्षता डॉ शंकर मुनिराय (विभागाध्यक्ष हिंदी - दिग्विजय महाविद्यालय) व उपरोक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में पारस वर्मा जी (सभापति नगर निगम) संतोष पिल्ले जी (नेता प्रति पक्ष - न0पा0 नि0) अतुल विश्वकर्मा जी (आयुक्त - न0पा0नि0 राजनांदगांव) एवं समाजसेवी राजेश गुप्ता अग्रहरि जी है। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा अमात्य व साहित्य समिति के समन्वयक राकेश इंदुभूषण ठाकुर की संयोजना में आयोजित इस गरिमामय साहित्यिक आयोजन में अंचल के सभी कवि साहित्यकारों को उपस्थिति की अपील की गई है।

12वीं के पूर्नमूल्यांकन नतीजें में बीपीएस की वीणा साहू ने 94 प्रतिशत प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया

डोंगरगाँव (नांदगांव टाइम्स)। मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हा.से.स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र/छात्राओं ने इस वर्ष भी अपना वर्चस्व कायम रखते हुये पूरे शहर में अपना परचम लहराते हुये कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में शहर में ही नहीं अपितु पूरे तहसील में प्रथम एवं जिले में पंचम् स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय् ने बताया है कि छ.ग.मा.शिक्षा मंडल के मुख्य परीक्षा के पुर्नमूल्यांकन नतीजे के बाद संस्था के छात्र/छात्राओं ने शाला ही नहीं अपितु पूरे डोंगरगाँव शहर में अपना परचम लहराया। शाला की वीणा साहू जिसने पुर्नमूल्यांकन के पहले 87 प्रतिशत प्राप्त हुये थे। वहीं पुर्नमूल्यांकन नतीजे के बाद 94% प्राप्त की एवं पूरे डोंगरगाँव शहर में प्रथम स्थान एवं जिले में पंचम् स्थान प्राप्त करते हुये शाला का परचम फहराया। संस्था में प्रथम पाँच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के पुर्नमूल्यांकन नतीजे आने के बाद जबरदस्त बदलाव आया एवं जिन बच्चों का प्रतिशत 90% से नीचे था उनका प्रतिशत 90% से उपर हो गया।

कला, विज्ञान एवं कृषि तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।संयुक्त रूप से कक्षा में प्रथम वीणा साहू 94प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर हिमानी रामटेके 92.4प्रतिशत, तृतीय स्थान पर स्नेहा राजपूत 92.2प्रतिशतरहे,चतुर्थ स्थान पर लक्की सोनकर 91.4 प्रतिशतरहे एवं पंचम् स्थान पर कु.सिमरन नेताम 91.2 प्रतिशतरही। इस नये परीक्षा परिणाम से सभी छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल है। छात्र छात्राओं के इस शानदार सफलता पर शैलजा पाण्डेय् (अध्यक्ष मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति), संतोष सागर शर्मा (सदस्य मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति), गौरी बाई झाड़े,संस्था के संरक्षक , संतोष कुमार वैष्णव,उमाराजे राजपूत,लक्ष्मी नारायण गुप्ता, पवन ठाकुर ,बीरेन्द्र बोरकर,कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र कुंवर,पाली प्रभारी बिरेन्द्र राजपूत,प्रधान पाठक , पी.एल.बया,देवेन्द्र साहू,लूनकरण यादव,कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन,गौरव देवांगन,अविनाश दुबे विवेक अंबादे,तृप्ति देवांगन ने शुभकामना देते हुये छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय, संविधान हत्या दिवस पर श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ शासन, राजगामी संपदा के उपाध्यक्ष *मनोज निर्वाणी* ने कहा कि आज 25 जून है। यह वही तारीख है जब 1975 में कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपकर भारत की आत्मा को कुचलने का काम किया था।

निर्वाणी परिवार ने भी आपातकाल की यातना झेली है। मेरे परिवार के निर्वाणी बंधु स्व. रामकृष्ण निर्वाणी तथा स्व. हृदय नारायण निर्वाणी, दोनों भाइयों को मीसा कानून के तहत जेल में डाल दिया गया था।* उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल की सलाखों के पीछे दिन काटे, लेकिन तानाशाही के सामने सिर नहीं झुकाया। प्रेस नोट के माध्यम से मैं देशवासियों को याद दिलाना चाहता हूँ: 1. *25 जून की काली रात:* 25-26 जून 1975 को मात्र अपनी सत्ता बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री ने पूरे देश को जेलखाना बना दिया था। देशवासियों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, प्रेस की आजादी का गला घोंट दिया गया। 2. *मीडिया पर हमला:* समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लगाकर सच बोलने वालों की आवाज दबा दी गई। जो नहीं झुका, उसे जेल में डाल दिया गया। 3. *लोकतंत्र के प्रहरी जेल में:* जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी समेत लाखों राष्ट्रभक्तों को बिना अपराध जेल में ठूंस दिया गया। 4. *सत्ता का दुरुपयोग:* संविधान को ताक पर रखकर, लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या करके केवल एक परिवार की सत्ता बचाने का घृणित प्रयास किया गया। आज 50 वर्ष बाद भी 25 जून हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र की कीमत क्या होती है। *आओ हम सब संकल्प लें कि देश में फिर कभी ऐसा काला दिन नहीं आने देंगे।

उत्तर प्रदेश में भाजपा की नई टीम, राजनाथ सिंह के दूसरे बेटे को बनाया गया उपाध्यक्ष

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की नई टीम का ऐलान हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दूसरे बेटे नीरज सिंह और समाजवादी पार्टी से बगावत करके आई पूजा पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। नई टीम में कुल 46 लोगों के नाम शामिल हैं। नीरज को यह स्थान उनके भाई पंकज सिंह की जगह मिला है।

सनसिटी चल प्रतिष्ठा महोत्सव हर्षोल्लास एवं धर्ममय वातावरण में संपन्न

हजारों श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ, आचार्य भगवंत के सान्निध्य में प्रतिष्ठित हुए जिनबिंब



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सनसिटी कॉलोनी में परम पूज्य शासन प्रभावक आचार्य भगवंत श्री जिनपीयूष सागर सूरीश्वर जी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा एवं प्रेरणा में आयोजित दो दिवसीय चल मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव आज अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतिष्ठा महोत्सव में राजनांदगांव सहित आसपास के विभिन्न नगरों से हजारों की संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुजन उपस्थित हुए। पूरे परिसर में जिनेंद्र भगवान के जयघोष, मंगलध्वनि एवं भक्ति के मधुर स्वर गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूर्णत: धर्ममय बन गया। प्रात: शुभ मुहूर्त में जैन परंपरा के अनुसार विधि-विधानपूर्वक मूलनायक श्री पार्श्वनाथ परमात्मा, श्री आदिनाथ परमात्मा एवं दादागुरुदेव श्री जिनकुशल सूरीश्वर जी महाराजा की प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। इसके पश्चात लाभार्थी परिवारों का बहुमान एवं भव्य शांति स्नात्र महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने इस ऐतिहासिक एवं पुण्यमयी अवसर का लाभ लेकर अपने जीवन को धन्य माना। श्रद्धा, समर्पण एवं भक्ति का अद्भुत संगम पूरे आयोजन में देखने को मिला। महोत्सव के सफल आयोजन पर प्रतिष्ठा महोत्सव संयोजक श्री गुलाब गोलछा ने सनसिटी परिवार, श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ, सकल जैन श्रीसंघ, नगर की समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं, मंदिर समिति, प्रतिष्ठा समिति, सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, लाभार्थी परिवारों, दानदाताओं तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से तन, मन एवं धन से सहयोग प्रदान करने वाले प्रत्येक धर्मप्रेमी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग, समर्पण एवं अथक परिश्रम के कारण ही यह महोत्सव ऐतिहासिक, भव्य एवं पूर्णत: सफल बन सका। उन्होंने परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री जिनपीयूष सागर सूरीश्वर जी म.सा. एवं समस्त साधु-साध्वी भगवंतों के अमूल्य उपकारों का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी पावन निश्रा एवं प्रेरणा के बिना ऐसा दिव्य आयोजन संभव नहीं था। गुरु भगवंतों के सान्निध्य में सेवा करने का अवसर समस्त श्रद्धालुओं के लिए जीवन का अविस्मरणीय सौभाग्य है। प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर जिनशासन की प्रभावना हेतु विभिन्न पुण्य लाभ ग्रहण करने वाले लाभार्थी परिवार मूलनायक श्री पार्श्वनाथ परमात्मा की प्रतिष्ठा लाभार्थी परिवार:श्री रमेशचंद जी संदेश जी मयूर जी ललवानी परिवार

श्री आदिनाथ परमात्मा की प्रतिष्ठा
लाभार्थी परिवार:श्री रामलाल जी मिश्रीलाल जी गोलछा परिवार
श्री दादागुरुदेव श्री जिनकुशल सूरीश्वर जी महाराजा की प्रतिष्ठा लाभार्थी परिवार:श्री दीपचंद जी इंदरचंद जी चोपड़ा परिवार प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्णाहुति के पश्चात सायं लगभग 6:00 बजे परम पूज्य आचार्य भगवंत का मंगल विहार दुर्ग की ओर हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भावभीनी विदाई देकर गुरु भगवंत से पुन: शीघ्र राजनांदगांव पधारने की मंगल कामना की।

बिना बट्टे (कमीशन) दिए चिल्हर नहीं मिलता

जनता की आवाज

तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)। आजकल कहीं भी चले जाओ चिल्हर का रोना रोया जाता है, गांव और शहर के कई छोटे बड़े व्यापारी या दुकानदार चिल्हर ना मिलने से परेशान है, यहां तक कि चिल्हर वितरण में दुकानदारों को लिमिट से चिल्हर दिया जाता है और खासमखास लोगों को खुश करने के लिए कई हजार के नए सिक्के और नोट दिए जाते हैं, इस तरह के भेदभाव से भी लोगों एवं दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है, आज भी शहर के कई बड़े दुकानदार को चिल्हर मांगने जाओ तो चिल्हर नहीं है बोलते हैं, कमीशन (बट्टे) की बात करो तो हजारों के चिल्हर मिल जाता है, कुल मिलाकर चिल्हर के नाम पर कृत्रिम संकट पैदा किया जा रहा है, चिल्हर का संकट जानबूझकर बनाया जा रहा है ताकि कमीशन से हजारों, लाखों कमाया जा सके, शहर के कई व्यापारियों के पास हजारों के चिल्हर रहते हैं, नए नए 5,10,20 के सिक्के उनके टेबल के बड़े बड़े डिब्बे में पड़े रहते हैं,बैंक वाले भी छोटे, मझौले दुकानदारों के ऊपर कृपादृष्टि करे। गांव के बैंकों में क्यों नहीं मिलता 1,2,5,10,20,50 के सिक्के और नोट, शहर के नामी एवं चुनिंदा लोगों को ही नए नोट और सिक्के, चिल्हर दिए जाते हैं, इस तरह के भेदभाव से दुकानदारों और लोगों में रोष व्याप्त है।

एकादशी पर वृद्धजनों को कराया भोजन

कान्यकुब्ज महिला मंडल पहुंचा समता वृद्धाश्रम ...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गुरुवार 25 जून को भीमसेनी , निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर कान्यकुब्ज महिला मंडल , राजनांदगांव की महिलाएं समता वृद्धाश्रम पहुंची । महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती ममता अवस्थी के नेतृत्व में महिलाओं ने वृद्धजनों को एक वक्त का भोजन खुद परोस कर कराया । साथ हो अन्य सामग्रियां भी प्रदान कीं । कान्यकुब्ज महिला मंडल , राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती ममता अवस्थी ने बताया कि आज भीमसेनी एकादशी , जिसे सभी एकादशी में उत्तम माना जाता है । बिना पानी पिए निर्जला व्रत रखा जाता है । इस पुण्य मौके पर समता वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को एक समय का भोजन कराकर महिलाओं ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया । इतना ही नहीं कान्यकुब्ज महिला मंडल ने वृद्धों के बीच भजन का कार्यक्रम आयोजित कर माहौल को भक्तिमय बना दिया । सभी वृद्धजनों को नेपकिन सहित बिस्किट्स तथा दैनिक जीवन में उपयोगी सामग्री प्रदान की गई ।

कामर्स संकाय में हिमेश प्रथम

जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम राजाखुज्जी में अध्ययनरत हिमेश देवांगन ने इस वर्ष आयोजित हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वी में 88.8 अंक हासिल कर अपने कामर्स संकाय में प्रथम स्थान हासिल किया है, उनके इस उतकृष्ठ प्रदर्शन से परिवार,शिक्षकों एवं क्षेत्र में खुशियां का माहौल है , हिमेश ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता पिता एवं शिक्षको के मार्गदर्शन को दिया है, तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही है।

पार्षद को नाली की सफाई की शिकायत की तो पार्षद ने पीड़ित के खिलाफ थाना में दर्ज कराया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर का थाना इन दिनों नित नये नये कारनामे कर रहा है, जहां त्वरित एक्शन की जरूरत होती है, वहां

आवेदन को इस टेबल उस टेबल घुमाया जाता है और पीड़ित हताश होकर वापस चले जाते हैं. वहीं कोई रसूखदार व्यक्ति थाने पहुंच जाए है, तो न जांच न पड़ताल अनावेदक के विरुद्ध तुरंत धाराएं लगाकर जेल भेज दिया जाता है. न्यायिक सिद्धांत के अनुसार सौ अपराधी छूट जाए लेकिन कोई निर्दोष व्यक्ति को सजा न हो, लेकिन डोंगरगांव थाने में एक तरफा कार्यवाही करते हुए एक सरल व्यक्ति को बेवजह जेल भेज दिया गया. मामला तब सामने आया जब वार्ड क्रमांक 12 निवासी सुखनंदन साहू संबंधित पार्षद दुर्गेश रामटेके से शिकायत किया कि नाली जाम है और बरसात का पानी उसके घर मे घुस जाता है. इसकी शिकायत वह पिछले वर्ष से करता आ रहा है लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है. इसके बाद सुखनंदन ने वर्तमान पार्षद श्री रामटेके को दो बार शिकायत की नाली को साफ करवाने की बात की. इस बात से नाराज जागरूक पार्षद नेता ने अपने पद व पहुंच का दुरुपयोग करते हुए उस व्यक्ति के विरुद्ध गाली-गलौच करने व मारने, पीटने जैसे आरोप लगाकर थाने में आवेदन दे दिया. इधर डोंगरगांव की सजग पुलिस जो कभी कभार ही सक्रियता दिखती है, उनके द्वारा सुखनंदन के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर जेल भेज दिया. इस दौरान सुखनंदन को इस बात का बिलकुल अंदाजा नहीं था कि छोटी सी शिकायत करने पर उसे जेल तक जाना पड़ेगा. जेल से आने के बाद उसने टूटे मन से मीडिया को बताया कि वह नाली सफाई की शिकायत किया और उल्टा वार्ड पार्षद ने उल्टा गाली गलौच किया. जिसके बाद पार्षद दुर्गेश रामटेके ने थाने में शिकायत की और पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अनावेदक को जेल भेज दिया गया जहाँ से जैसे तैसे वह जमानत करवाया. इस मामले में एक आम नागरिक ने नाली का गंदा पानी अपने घर में घुसने शिकायत पार्षद से की थी और बारिश के पूर्व नाली सफाई के लिए कहा था किन्तु इसी कृत्य के लिए उसे जेल तक जाना पड़ा. बता दें कि निकाय या अन्य किसी भी विभाग के किसी भी शिकायत के लिए छत्तीसगढ़ का शिकायत पोर्टल सीएम हेल्प लाईन 1076 भी प्रारंभ किया गया है, जिसमें मोबाईल के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचायी जा सकती है. चौक चौराहे में मुझे देखकर बिना वजह गाली गलौच करता था और मेरा कॉलर भी पकड़ा था इसलिए मैने थाने में आवेदन दिया था. नाली की सफाई करायी जाती है, यहाँ की समस्या वर्षों पुरानी है, पानी निकासी की व्यवस्था को लेकर नगर पंचायत में बात रखी गई है और व्यवस्था की जायेगी।

आयुक्त ने कर्मचारी संघो की उपस्थिति में परामर्शदात्री समिति की ली बैठक

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने गत दिवस विभिन्न कर्मचारी संघो के पदाधिकारियो की उपस्थिति में परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। बैठक में कर्मचारी हित सें जुडे विभिन्न विषयो पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार कर्मचारी हित एवं उनकी समस्या के निराकरण के लिए परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है। आज कर्मचारियो से जुडे विभिन्न मुद्दो पर चर्चा करने बैठक बुलाई गयी है। बैठक में कर्मचारी संघो के पदाधिकारियो ने प्रमुखता से हर माह वेतन भुगतान करने कर्मचारियो की पदोन्नति, कर्मोन्नति, कार्यरत मृतक कर्मचारियो के आश्रितो को अनुकंपा नियुक्ति देने तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियो के अवकाश नगदी करण, वेतन से काटी गयी भविष्य निधि की राशि का भुगतान के अलावा नवीन अंशदायी पेंशन की राशि जमा नही होने तथा प्लेसमेंट कर्मचारियो को लंबे समय से वेतन नही मिलने व ईपीएफ की राशि जमा नही होने एवं कर्मचारियो के क्वाटर की मरम्मत कराने के अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ को विभिन्न गतिविधिया संचालन हेतु राशि दिए जाने संबंधी विषयो पर बिन्दुवार चर्चा की गयी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि राजस्व वसूली एंव राशि की उपलब्धता के आधार पर वेतन भुगतान तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियो का देयक भुगतान किया जाता है। एक वर्ष में 23 कर्मचारियो को अनुकम्पा नियुक्ति दी गयी है। 3 आवेदन प्रक्रियाधीन है, और पूर्व के 15 आवेदन शासन के समक्ष विचारार्थ प्रेषित किये गये है। शासन स्वीकृति के पश्चात उन कर्मचारियो को भी अनुकम्पा नियुक्ति दी जावेगी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार कर्मोन्नति पदोन्नति देने कार्यवाही की जा रही है, पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है। शासन से संबंधित प्रकरणो के निराकरण के लिए तथा समय समय पर कर्मचारियो के हित में वेतन आदि हेतु शासन से पत्राचार किया जाता है। सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ को विभिन्न गतिविधियो के संचालन के लिए बजट प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी सघो की समय समय पर बैठक बुलाकर उनकी समस्याओ का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जायेगा तथा शासन स्तर पर लंबित प्रकरणो के निराकरण के लिए पत्राचार किया जायेगा। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, स्थापना प्रभारी श्री राकेश नंदे सहित कर्मचारी संघो में नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष जिला इकाई श्री गोकुल प्रसाद कवर, नगर निगम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दरोगा, वार्ड प्रभारी के अध्यक्ष श्री प्रवीण झा, सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री गोलू नायक, प्लेसमेंट ठेका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री अजय मेश्राम, सेवानिवृत्त पेंशन संघ के अध्यक्ष श्री दुर्गाराम साहू के अलावा सभी संघो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

कोटरा पटवारी पावती के लिये विगत आठ माह से घुमा रही है

मुख्यमंत्री से होगी शिकायत

जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम कोटरासरार निवासी विनोद गायकवाड विगत 8 माह से राजस्व संबंधित काम पावती के लिए कोटरा में पदस्थ है प.ह.न. 36 की पटवारी राधिका चंद्रवंशी घुमाये जा रही है मिली जानकारी के अनुसार विनोद गायकवाड अपने पिता स्वर्गीय रूपचंद गायकवाड की मृत्यु के पश्चात तीन जगह पर फैले जमीन कोटरासरार, चमारराय टोलागांव एवं मोहभ्ट्ठा के लिए एक साथ अब से आठ माह पूर्व आवेदन पंचायत व पटवारी को दिया । जिसमें पटवारी राधिका चंद्रवंशी चमारराय टोलागांव व मोहभ्ट्ठा की जमीन को तो विनोद गायकवाड़ के नाम से कर दी पर कोटरासरार की भूमि जिसका खसरा नंबर 267/4 रकबा 0.243, खसरा रकबा 0.008 है, खसरा नं. 317/3 रकबा 0.026 , खसरा नं. 487/3, रकबा 0.203,खसरा नं. 504/3 रकबा 0.202 कुल खसरा नं. 5 है आज 08 माह बीत जाने के बाद भी विनोद गायकवाड़ के नाम से नही हो सका है।

ना खाद मिल रहा है ना पैसे -- किसान विनोद गायकवाड़ सेवा सहकारी समिति रामपुर में पटवारी के कहने पर कि तुम्हारा स्वयं के नाम पर पर्चा बन जायेगा इसलिए सेवा सहकारी समिति में भी जाकर नामिनी के रूप में जो नाम है उसको भी कटवा डाला , अब किसानी के लिये ना तो उसे वहां से कोई कर्ज नही मिला और ना ही खाद मिला। कभी तहसील कभी पंचायत का चक्कर -- विगत आठ माह से विनोद गायकवाड़ कभी पंचायत तो कभी तहसीलदार के डोंगरगांव के चक्कर लगा रहा है, पटवारी कहती है कि तुम्हारा काम डोंगरगांव तहसील में होगा तो विनोद गायकवाड़ डोंगरगांव तहसील आता है, फिर डोंगरगांव से जवाब मिलता है कि ये काम पटवारी का है तो ये फिर पटवारी के पास जाता है। पटवारी फोन नही उठाती-- विनोद गायकवाड़ ने बताया कि मैं पटवारी को जब भी फोन करता हूं तो वो सीधा ही काट ही देती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय से होगी शिकायत-- पटवारी की नियुक्ति राजस्व संबंधित ग्रामों के लिए है, किसानों को परेशान करने के लिए नही, पटवारी के संबंध मे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेवसाय से सीधी शिकायत की जावेगी।वर्सन - जिस जमीन को लेकर काम ना होने की बात कहीं जा रही है उस पर शिकायत है। राधिका चंद्रवंशी विनोद गायकवाड़ - ना मैने जमीन बेची है और ना ही मैंने जमीन किसी को दी है तो फिर क्यूं कोई शिकायत करेगा , ये पटवारी की चाल है।

ओमान में तीन भारतीय नाविकों की निर्मम हत्या के विरोध में राजनांदगांव में स्वदेशी जागरण मंच और स्वावलंबी भारत अभियान का विशाल आक्रोश मार्च संपन्न

कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ओमान में तीन निर्दोष भारतीय नाविकों की निर्मम हत्या की वीभत्स घटना के विरोध में आज पूरा राजनांदगांव शहर उद्वेलित नजर आया। इस कायरतापूर्ण कृत्य और भारतीय सपूतों के अपमान के खिलाफ स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान (जिला इकाई, राजनांदगांव) के तत्वाधान में आज दोपहर 2:00 बजे कलेक्ट्रेट के सामने, ओवर ब्रिज परिसर में एक विशाल विरोध प्रदर्शन और आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया, जो सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रदर्शन में जिले के राष्ट्रभक्त नागरिक, विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि और भारी संख्या में मातृशक्ति व युवा एकत्रित हुए। कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुआ यह आक्रोश मार्च प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरा, जहाँ हर तरफ भारत के सपूतों का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान के नारे गूंजते रहे।

महामहिम राष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

आक्रोश मार्च के पश्चात संगठन के पदाधिकारियों द्वारा राजनांदगांव कलेक्टर के माध्यम से देश की महामहिम राष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री के नाम एक प्रशासनिक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए वैश्विक स्तर पर कड़े और ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही, विदेशों में रह रहे और कार्य कर रहे सभी भारतीय नागरिकों व नाविकों की सुरक्षा को पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख्त सुरक्षा नीति और कानून का निर्माण किया जाए।

नेतृत्व एवं प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति

इस आक्रोश मार्च और प्रदर्शन का नेतृत्व मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक श्री राजकुमार शर्मा एवं जिला सहसंयोजक अनिमेष राय ने किया। उनके साथ स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक श्री राकेश इंदू भूषण ठाकुर व सह समन्वयक संदीप भट्टाचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने इस आक्रोश मार्च में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने वाले जिले के सभी आदरणीय बंधुओं, बहनों, युवाओं और जागरूक नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस राष्ट्रहित के सिंहनाद में शामिल होकर भारत की एकजुटता और शक्ति का परिचय दिया।

वीरांगना रानी दुर्गावती के अदम्य साहस और बलिदान को किया नमन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। -भारत की वीरांगनाओं में अग्रणी, अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाली महान योद्धा वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर परिक्षेत्र तेदूनाला, महासभा ओड़ारबांध द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके गौरवशाली जीवन एवं बलिदान को स्मरण किया। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता झाड़ूराम ठाकुर ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद पंचायत छुरिया सभापति उत्तरा निषाद, मोतीराम ठाकुर, अन्नू पडौती, सरिता कंवर, ललित नेताम, सीमा कंवर, लादूराम तुमरेकी, नरेश नेताम, मंथीर चेतक, उभेयराम कुंजाम, सरस्वती नेताम, ईश्वर विश्वकर्मा, संतोष साहू, खेमचंद साहू सहित समाज के पदाधिकारी व ग्रामवासी व सामाजिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती वैष्णव ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की ऐसी अमर विभूति हैं, जिन्होंने अपने स्वाभिमान, संस्कृति और मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। उनका त्याग, शौर्य और राष्ट्रप्रेम आज भी समाज को प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती केवल गोंड समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की गौरवशाली धरोहर हैं, जिनका जीवन महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है।वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान भारतीय इतिहास का अमिट अध्याय है।

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संकुल केंद्र कोकपुर में संपन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन संकुल केंद्र कोकपुर के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोकपुर के प्रांगण में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं अनावरण कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति जागृति यदु, जनपद पंचायत डोंगरगांव की अध्यक्ष रंजीता पटौदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ,कमलेश्वर देवांगन, क्षितिज सोरी सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी ,संकुल प्राचार्य कोकपुर के.आर. सोरी, संकुल समन्वयक कोकपुर राहुल कुमार जैन ज् सहित ग्राम के सरपंच, पंचगण, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपक राजपूत द्वारा प्रभावी एवं आकर्षक रूप से किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक राहुल कुमार जैन च् ने बताया कि विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन करना एवं उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों का स्वागत एक नए शैक्षणिक सफर की शुरुआत है।

कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा), जिला कबीरधाम (छ.ग.)

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

क्रमांक. 1223/भू-अर्जन / 2026 कबीरधाम, दिनांक.. 17/06/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत-÷जगमड़वा जलाशय योजना के दायी तट नहर निर्माण कार्य÷ के अंतर्गत मुख्य नहर निर्माण कार्य ग्राम-स.लोहारा, प.ह.न. 09. रा.नि.मि. स. लोहारा, तहसील-स./ लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा सकता है :-

क्र.	प्रस्तावित भू धारक का नाम/जाति	भूमि का प्रकार	खसरा नं.	कुल रकबा (हे.मे.)	अर्जित रकबा (हे.मे.)
1	[illegible]	असिंचित	361/1	0.263	0.061
2	[illegible]	असिंचित	361/4	0.109	0.061
		असिंचित	361/14	0.263	0.093
	योग		2	0.372	0.154
3	[illegible]	असिंचित	361/5	0.186	0.069
4	[illegible]	असिंचित	361/9	0.105	0.053
5	[illegible]	असिंचित	361/15	0.081	0.07
6	[illegible]	असिंचित	361/17	0.162	0.07
7	[illegible]	असिंचित	361/18	0.081	0.07
8	[illegible]	असिंचित	360/6	0.283	0.01
9	[illegible]	असिंचित	360/2	0.283	0.024
10	[illegible]	असिंचित	414/2	0.174	0.147
11	[illegible]	असिंचित	414/3	0.405	0.121
12	[illegible]	असिंचित	414/7	0.202	0.045
13	[illegible]	असिंचित	414/6	0.202	0.057
14	[illegible]	असिंचित	414/5	0.203	0.045
15	[illegible]	असिंचित	414/1	0.405	0.036
16	[illegible]	सिंचित	414/9	0.202	0.096
17	[illegible]	सिंचित	413	1.380	0.097
18	[illegible]	असिंचित	415/5	0.138	0.036
19	[illegible]	असिंचित	415/3	0.324	0.098
20	[illegible]	असिंचित	422/7	0.429	0.069
21	[illegible]	असिंचित	422/3	0.328	0.065
		असिंचित	422/11	0.692	0.255
	योग		2	1.020	0.320
22	[illegible]	असिंचित	422/10	0.328	0.101
23	[illegible]	असिंचित	421/1	0.158	0.036
24	[illegible]	असिंचित	420/1	0.324	0.125
	कुल योग -		26	7.710	2.010

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो तो यह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं यमुना भावे पति विवेक कुमार भावे निवासी म. क्रं. 02, बसंतपुर, तह0 व जिला राजनांदगांव छ.ग. की हूं जो कि निम्न कथन प्रस्तुत करती हूं - यह कि, मैंने अपना स्वयं का नाम परिवर्तन कर अपना पुराना नाम यमुना मेश्राम पति विवेक कुमार भावे के स्थान पर नया नाम यमुना भावे पति विवेक कुमार भावे करवाना चाहती हूं अब मुझे इसी नाम से जाना जाए एवं पहचाना जाए एवं संबोधित किया जाए मैं अपने नाम परिवर्तन की सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित कराना चाहती हूं।

अतः भविष्य में मुझे यमुना भावे पति विवेक कुमार भावे के नाम से ही जाना- पहचाना व संबोधित किया जावे।

शपथकर्ता
यमुना भावे
पति विवेक कुमार भावे
निवासी म. क्रं. 02, बसंतपुर,
तह. जिला राजनांदगांव छ.ग.

शुभांक

4-8-9

228-2 588-1

भाग्यांक

168-5 249-5

नाम परिवर्तन

मैं, योगिता साहू (YOGITA SAHU) पति श्री योगराज साहू (YOGRAJ SAHU) जाति-तेली निवासी ग्राम-झींका तहसील-डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम कुमारी योगिता साहू (Kumari Yogitha Sahu) दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम योगिता साहू (YOGITA SAHU) दर्ज किया जावे।

योगिता साहू
पति श्री योगराज साहू
निवासी ग्राम झींका
तह.-डोंगरगांव,
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

परदुमन (Parduman) पिता-रामाधार (Ramadhar) निवासी ग्राम-जोंधरा, तहसील कुमरदा, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपना नाम परघुमन निषाद (Parghuman Nishad) पिता रामाधार निषाद (Ramadhar Nishad) से बदलकर परदुमन (Parduman) पिता-रामाधार (Ramadhar) निवासी ग्राम जोंधरा, तहसील कुमरदा, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) कर लिया हूं।

परदुमन
पिता-रामाधार
ग्राम-जोंधरा,
तहसील-कुमरदा
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव जिला-राजनांदगाँव

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका चारुशीला बख्शी पिता स्व. दामोदर लाल बख्शी निवासी लखोली, राहुल नगर, राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 351/15-रकबा 0.0120 हे. भूमि की मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गया है उक्त वर्णित भूमि की डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने का निवेदन किया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 08/07/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 24/06/2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनॉक :- 24/06/2026
पेशी दिनॉक :- 8/7/2026

सील **तहसीलदार राजनांदगांव**

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202606093700032, अ-6 वर्ष 2025-26

: : ईश्तहार : :

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अर्सना वारसी ध.प. हफीज वारसी, निवासी-जूनीहटरी, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला जूनीहटरी स्थित शीट क्रमांक 48 ए. भूखण्ड क्रमांक 221/4, क्षेत्रफल 57.24 वर्गमीटर जो धारक असलम खान आ. शौकत खान, निवासी-गौरीनगर, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 28.62 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.07.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में एस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा किया गया।

सील **नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202606093700031 अ-6 वर्ष 2025-26

-:: ईश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शीरीन बेगम ध.प. हमीद वारसी, निवासी-जूनीहटरी, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला जूनीहटरी स्थित शीट क्रमांक 48 ए, भूखण्ड क्रमांक 221/4, क्षेत्रफल 57.24 वर्गमीटर जो धारक असलम खान आ. शौकत खान, निवासी-गौरीनगर, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफल 28.62 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.07.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202606093700024 अ-6 वर्ष 2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अरसला वारसी ध.प. हफीज वारसी, निवासी-जूनीहटरी राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगाँव मोहल्ला चौखड़ियापारा स्थित शीट क्रमांक 49 बी, भूखण्ड क्रमांक 376, क्षेत्रफल 27.00 वर्गमीटर जो धारकगण राजेश सिंह आ. स्व. सालिकराम, त्रिवेणी ठाकुर ध.प. स्व. सालिकराम, किसन सिंह आ. स्व. चंदन सिंह, आशा सिंह ध.प. स्व. चंदन सिंह, संतोष सिंह आ. स्व. भगतसिंह, तुलसी बाई ध.प. स्व. भगत सिंह, नरोत्तम सिंह, पुष्पा दोनो आ. स्व. ईश्वर सिंह, निवासी-चौखड़ियापारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय-विलेख के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.07.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

nandgaon times june-26-3.qxd 6/25/2026 11:58 PM Page 3

ज्ञान मंथन

1) विश्व नारियल दिवस हर साल किस दिन मनाया जाता है?
2) कटकारी जनजाति मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है?
3) 2024 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया है?
4) अटल इनोवेशन मिशन किस संस्थान की प्रमुख पहल है?
5) भगवान बुद्ध के देवनीमोरी अवशेष मूल रूप से भारत के किस राज्य से हैं?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) 2 सितंबर (2) महाराष्ट्र और गुजरात (3) डैरन एसिमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन (4) नीति आयोग (5)

कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 05 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। दिनांक 24 जून 2026 को थाना पिपरिया को विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल से गांजा लेकर बिक्री हेतु जा रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके निर्देशन में थाना प्रभारी पिपरिया एवं साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित की गई जिसके द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। पुलिस टीम द्वारा भारत माता चौक पिपरिया में एक संदिग्ध बाइक सवार को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ पर अपना नाम हुकमी चंद चंदवंशी ग्राम कान्हाभैरा का निवासी बताया। आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपी से मादक पदार्थ 05 किलो 579 गांजा कीमती 2,75,000 एक मोटरसाइकिल 65,000 एक मोबाइल कीमती 12,000 रुपये बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर आरोपी को गांजा उपलब्ध करने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई है, जिसकी पतातलाश की जारी है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है। कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जिले में नशे का कारोबार करने वाले, युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाले तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर, निरंतर एवं निर्णायक कार्यवाही जारी रहेगी।

नशामुक्त भारत के संकल्प को मिली नई ऊर्जा, युवाओं ने लिया स्वस्थ एवं जागरूक समाज निर्माण का प्रण

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम जिला में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कबीरधाम पुलिस एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी करपात्री जी स्टेडियम, कवर्धा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग की सहायक संचालक श्रीमती अभिलाषा पांडा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई (आईपीएस), जिला कबीरधाम रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु जन-जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया गया।

डोंगरगढ़ की 55 करोड़ रुपये की परिक्रमा पथ परियोजना तत्काल निरस्त हो - कांग्रेस

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। डोंगरगढ़ की बहुचर्चित 55 करोड़ रुपये की परिक्रमा पथ परियोजना को लेकर विवाद अब राजनीतिक रंग लेता जा रहा है। परियोजना की उपयोगिता, भूमि अधिग्रहण और सार्वजनिक धन के खर्च को लेकर उठे सवालों के बीच अब कांग्रेस भी खुलकर विरोध में उतर आई है। पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर परियोजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। किसानों, सामाजिक संगठनों और अब राजनीतिक दलों की ओर से भी कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विरोध करने वालों का कहना है कि पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध होने के बावजूद निजी जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिससे प्रभावित किसानों में नाराजगी बढ़ रही है।

किसानों की आपत्तियों से शुरू हुआ विवाद

परियोजना को लेकर विवाद की शुरुआत तब हुई, जब ग्राम छिरपानी समेत आसपास के क्षेत्रों के किसानों ने भूमि चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए। किसानों का आरोप है कि अधिग्रहण से पहले उन्हें पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई और उनकी आपत्तियों का समुचित निराकरण भी नहीं किया गया।

प्रभावित किसानों ने पहले कलेक्टर कार्यालय में आपत्तियां दर्ज कराईं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मामला संभाग आयुक्त तक पहुंच गया। किसानों का कहना है कि वैकल्पिक सरकारी भूमि उपलब्ध होने के बावजूद उनकी कृषि भूमि को परियोजना में शामिल किया जा रहा है।

कांग्रेस ने उठाया प्राथमिकताओं का मुद्दा

कांग्रेस ने इस परियोजना को शहर की वास्तविक जरूरतों से जोड़ते हुए प्रशासन की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का कहना है कि डोंगरगढ़ लंबे समय से बाईपास सड़क की मांग कर रहा है। शहर के बीच से गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि बाईपास जैसी जरूरी परियोजना को प्राथमिकता देने के बजाय परिक्रमा पथ पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि जिन धार्मिक स्थलों को जोड़ने के नाम पर परिक्रमा पथ बनाया जा रहा है, वे पहले से ही सड़क मार्ग से जुड़े हुए हैं। ऐसे में नए मार्ग की आवश्यकता और उसकी उपयोगिता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

प्रशासन ने गिनाए परियोजना के फायदे

परियोजना को लेकर विवाद बढ़ने के बाद जिला प्रशासन की ओर से भी लगातार स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं। प्रशासन का दावा है कि परिक्रमा पथ परियोजना डोंगरगढ़ को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रशासन के अनुसार, इस परियोजना से श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, विरोध करने वाले पक्ष का कहना है कि यदि परियोजना पूरी तरह जनहित में है तो इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), अंतिम रूट मैप, भूमि चयन के आधार और वैकल्पिक विकल्पों के अध्ययन को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि परिक्रमा पथ परियोजना को निरस्त किया जाए, डोंगरगढ़ बाईपास निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए और शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो 30 जून को चक्काजाम सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा।

लक्ष्मण झूला की घोषणा पर समिति ने जताया आभार - डॉ जैन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रगतिशील किसान सम्मेलन एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन हेतु आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी, सांसद संतोष पांडेय, प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति में राजनांदगाँव के लिए 511 करोड़ की योजनाएँ स्वीकृति की घोषणा की जिसमें शिवनाथ नदी मोहारा मेला स्थल से आँक्सीजोन तक सस्पेंशन ब्रिज निर्माणकार्य के लिए 49 करोड़ की स्वीकृति सम्मिलित होने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष व्याप्त है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी द्वारा स्वीकृत लक्ष्मण झूला (सस्पेंशन ब्रिज) के संबंध में जारी

प्रेस विज्ञप्ति में श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन ने बताया है कि उनकी समिति विगत 25 वर्षों से शिवनाथ नदी एवं तटवर्ती क्षेत्रों के विकास हेतु कार्यरत है जिसके अंतर्गत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी द्वारा उच्चस्तरीय पुल मोहारा, नया शिवनाथ रेगिंकर मोहारा तटबंध एवं घाट निर्माण तथा भंवरमरा आँक्सीज़ोन सहित अनेक योजनाएँ मूर्त रूप ले चुकी है। इसी तारतम्य में मोहारा मेला तट से आँक्सीज़ोन जोड़ने हेतु लक्ष्मण झूला की माँग पर डॉ रमन सिंह जी के आदेशानुसार जल संसाधन विभाग द्वारा स्थल का निरीक्षण कर लक्ष्मण झूला निर्माण हेतु 50 करोड़ की योजना मंत्रालय को प्रेषित किया था। योजना को प्रशासकीय स्वीकृति हेतु समिति के सदस्य समय-समय पर डॉ रमन सिंह जी से मिलते रहें तथा उनके द्वारा शासन स्तर पर कार्यवाही की जाती रही। उसी का परिणाम हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शिवनाथ सस्पेंशन ब्रिज योजना स्वीकृत करने की घोषणा की गई। उसी प्रकार माननीय डॉ रमन सिंह जी द्वारा शिवनाथ व्यपवर्धन योजना धनसरा, भर्रेगांव, जंगलेसर सहित 19 गाँव लाभान्वित होंगे जिसके लिये पूरा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक/विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के सदा आभारी रहेंगे। प्रगतिशील विकास सम्मेलन के बाद शिवनाथ समिति के अध्यक्ष डॉ डी सी जैन, उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, कचरू प्रसाद शर्मा, हरजीत भाटिया, अम्लेंदु हाजरा, विजय हरिहरानों, शैलेंद्र तिवारी ने स्मीकर हाउस में जाकर विधानसभा अध्यक्ष से मिले और गुलदस्ता भेंट कर लक्ष्मण झूला की घोषणा करने के लिए आभार व्यक्त किया गया तथा उनके शतायु जीवन की मंगल कामना की गई।

गंडई प्रशासन की कुंभकर्णी नींद

वार्ड नं. 15 नयापारा में जर्जर पानी टंकी और कचरे के ढेर के बीच सुलभ शौचालय, जिम्मेदार मौन

गंडई (नांदगांव टाइम्स)। नगर पंचायत गंडई के वार्ड नंबर 15 नयापारा से बुनियादी सुविधाओं की बदहाली और प्रशासनिक घोर लापरवाही की एक बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। यहाँ स्थित सार्वजनिक पानी टंकी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण वार्ड वासियों को निस्तार (दैनिक कार्यों) के पानी के लिए गंभीर समस्या है न तो वार्ड पार्षद का ध्यान जा रहा है और न ही नगर पंचायत प्रशासन सुध ले रहा है।

जर्जर पानी टंकी में पानी ठहरता तक नहीं है

नयापारा वार्ड में स्थित यह पानी की टंकी अपनी उम्र पूरी कर चुकी है या फिर देखरेख के अभाव में दम तोड़ रही है। टंकी और उसके आसपास के टंकी में पानी भरते ही वह रिसकर बह जाता है। स्थिति यह है कि निस्तार हेतु इसमें पानी रुकता ही नहीं है। गर्मियों और आम दिनों में भी पानी की इस बर्बादी और किल्लत के कारण स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सुलभ शौचालय के पास गंदगी का अंबार: 'स्वच्छ सर्वेक्षण' के दावों की खुली पोल

इस जर्जर पानी टंकी के ठीक पास ही वार्ड वासियों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय वार्ड क्र. 15 नगर पंचायत गंडई भवनाया गया है। हालांकि, इस शौचालय के ठीक बगल की स्थिति देखकर नगर पंचायत के स्वच्छता के दावों पर हंसी आती है। फटे-पुराने कपड़े, प्लास्टिक और गंदगी का ऐसा अंबार लगा है कि वहां से गुजरना भी दूभर है। एक तरफशौचालय की दीवार पर 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' का स्लोगन रंगा गया है, तो दूसरी तरफहकीकत में महामारी को निमंत्रण देती गंदगी पसरी हुई है।

वार्ड पार्षद और प्रशासन की लापरवाही से आक्रोश

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और नगर पंचायत के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अधिकारी और वार्ड पार्षद गहरी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जनता का आरोप है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता अब सुध लेने भी नहीं आ रहे हैं। वार्डवासियों में प्रशासन के इस उदासीन रवैये के खिलाफभारी आक्रोश है।

वार्डवासियों की मुख्य मांगें:

टंकी का समाधान: जर्जर पानी टंकी को तत्काल दूसरी पानी टंकी लगाई जाये मरम्मत की जाए या नई टंकी का निर्माण कराया जाए ताकि निस्तार के पानी की समस्या दूर हो सके। स्वच्छता व्यवस्था: सुलभ शौचालय के पास जमे कचरे के ढेर और अवरुद्ध नाली की तुरंत सफ़ाई कराई जाए ताकि वार्ड को बीमारी के खतरे से बचाया जा सके। रणजीत सिंह चंदेल उपाध्यक्ष प्रदेश किसान कांग्रेस छत्तीसगढ़ कहना कि जजार पानी टंकी के कारड उत्पन्न जल संकट और सुलभ शोचालय के पास पसरी गंदगी का मामला बेहद गंभीर है।

मॉडिफाइड साइलेंसरों पर कबीरधाम पुलिस की सख्त कार्रवाई

पदमराज सिंह ठाकुर

क बीर धाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम पुलिस द्वारा बुलेट एवं अन्य वाहनों में लगाए जा रहे मॉडिफाइड साइलेंसरों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों को अनावश्यक शोर से होने वाली परेशानी से राहत दिलाना है। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा कवर्धा शहर में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 10 वाहनों में नियमों के विपरीत मॉडिफाइड साइलेंसर लगे पाए गए। पुलिस टीम द्वारा संबंधित वाहनों को थाना कोतवाली लाया गया तथा वाहन मालिकों की उपस्थिति में मॉडिफाइड साइलेंसरों को निकलवाया गया। वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई तथा भविष्य में ऐसे साइलेंसरों का उपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई।

अभियान के दौरान जब्त किए गए 10 मॉडिफाइड साइलेंसर को थाना परिसर में एकत्रित किया गया। इसके बाद इन साइलेंसर को जेसीबी मशीन के माध्यम से नष्ट किया गया है । पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसरों से निकलने वाली अत्यधिक तेज आवाज आमजन, बुजुर्गों, मरीजों एवं विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बनती है तथा यह ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ यातायात नियमों का भी उल्लंघन है। कबीरधाम पुलिस जिले में लगातार अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की पहचान कर रही है और उनके विरुद्ध कोतवाली एवं यातायात पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने वाहनों में कंपनी द्वारा निर्धारित मानक उपकरणों का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। कबीरधाम पुलिस ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों का वाहनों दिखाई दे तो इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

धर्म समाचार....

42 पहिए और 3 भव्य रथ

खरसिया (नांदगांव टाइम्स)। भारत में व्रत, त्योहारों और संस्कृतियों का समावेश है। यहां पर हर एक त्योहार की विशेष खासियत है। विविधताओं से भरा हुआ भारत में कई सारे त्योहारों को उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐसा ही हर साल ओड़िशा के पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक पर्व के रूप में मानी जाती है। इस यात्रा में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भव्य रथों पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर तक जरुर पहुंचती हैं। दरअसल, रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण केवल भगवानों के दर्शन तक सीमित नहीं होता है, बल्कि इन विशाल रथों का निर्माण और उनकी अनोखी बनावट भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र माना जाता है। असल में हर साल इन तीनों रथों का निर्माण नए सिरे से किए जाते हैं। आप सभी सुधी पाठकों को मैं आर्टिकल के माध्यम से रथ यात्रा के तीनों रथों की अनोखी संरचना के बारे में विस्तार से बताती हूँ।

कब शुरू होता है जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए रथ का निर्माण ?

भगवान गन्नाथ की रथ यात्रा के लिए रथों का निर्माण कार्य अक्षय तृतीया से, आरंभ किया जाता है, जिसे सनातन परंपरा में बेहद मंगलकारी दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ तिथि पर शुरू किए गए कार्यों में सफलता और समृद्धि प्राप्त होती है। यही कारण है कि रथ निर्माण की शुरुआत इसी दिन की जाती है। इस पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और हवन के साथ रथ निर्माण का शुभारंभ किया जाता है। फिर मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना करके मुख्य कारीगरों को माला अर्पित करते हैं। इसके बाद तीनों रथों का निर्माण एक साथ शुरू किया जाता है और करीब एक ही समय पर पूरा भी किया जाता है। इन तीनों रथों का सबसे जरुरी हिस्सा इसके पहिए होते हैं। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के तीनों रथों के लिए कुल 42 पहिए बनाए जाते हैं। इन पहियों को तैयार करने के बाद उन्हें रथ के मुख्य ढांचे में लगाया जाता है।

अल-अलग तरह से रथों की सजावट होती

इन रथों की सजावट काफी अलग-अलग होती है। असल में जगन्नाथ रथ यात्रा के रथों की खूबसूरती उनकी कलात्मक सजावट में छिपी होती है। ओडिशा की पारंपरिक मंदिर वास्तुकला से प्रेरित

नक्काशी रथों पर की जाती है। इसकी ऊंचाई करीब 45 फीट तक होती है। इस विशाल रथ को 16 बड़े पहियों से सजाया जाता है। रथ पर मुख्य रूप से लाल और पीले रंग का आकर्षक संयोजन देखने को मिलता है। वहीं, इसे आगे बढ़ाने वाले घोड़े सफेद रंग के होते हैं, जो पवित्रता और दिव्यता का प्रतीक माने जाते हैं।

लालध्वज - भगवान बलभद्र का रथ

भगवान बलभद्र के रथ को लालध्वज कहा जाता है। इसकी ऊंचाई भी करीब 45 फीट होती है और इसके 14 पाहिए होते हैं। इस रथ को लाल और हरे रंग से सजाया जाता है। इसके घोड़े काले रंग के होते हैं।

दर्पदलन - देवी सुभद्रा का रथ

देवी सुभद्रा का रथ दर्पदलन या देवदलन होता है। इसकी ऊंचाई करीब 44 फीट 6 इंच होती है। वहीं, इसमें 12 पहिए होते हैं। रथ का प्रमुख रंग लाल और काला होता है। इसे खींचने के लिए घोड़े का रंग लाल होता है।

बिना कील के बनाया जाता है रथ

इन रथ की सबसे खास बात यह है कि इनमें किसी भी प्रकार का धातु इस्तेमाल नहीं होता है बल्कि इनमें केवल लड़कियों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके निर्माण में लकड़ी के हिस्सों को आपस में जोड़ने के लिए खांचे और लकड़ी की खूंटियों का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे इसकी सरचना और भी खूबसूरत बन जाती है।

कु. बाँबी राजेश कवुलपुरिया
यू.पी.एस.सी असपिरेंट

बिना घंटी के होती है वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में आरती, अनोखी परंपरा के पीछे छिपी है खास वजह

हमारे देश में हजारों की संख्या में मंदिर हैं और हर एक का अपना कोई रहस्य या कहानी है। न जाने कितने ऐसे मंदिर हैं जो किसी अनोखे रहस्य को खुद में समेटे हुए सदियों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। इन्हीं में से एक है वृंदावन का बांके बिहारी मंदिर। यह मंदिर भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्री कृष्ण को समर्पित है और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरा करने वाला माना जाता है। भगवान कृष्ण के बाल अवतार की कई कथाएं प्रचलित हैं और उन्हें अत्यंत पूजनीय माना जाता है। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में चाहे उनका चंचल स्वभाव हो, गोवर्धन पर्वत उठाना हो, गोपियों के साथ रास रचाना हो या फिर माखन चुराना हो, इन सभी की अलग कहानी है। श्री कृष्ण के बाल काल की लीलाओं की वजह से ही वृंदावन का बांके बिहारी मंदिर अत्यंत खास माना जाता है। श्री कृष्ण ने अपना शुरुआती जीवन वृंदावन में ही बिताया था। आइए आपको बताते हैं बांके बिहारी मंदिर के एक ऐसे रहस्य के बारे में जिसमें ये बताया जाता है कि आज भी इस मंदिर में आरती के समय नहीं बजाई जाती हैं घंटियां। बांके बिहारी मंदिर की इस अनोखी परंपरा के रूप में ऐसा कहा जाता है कि यहां श्री कृष्ण का बाल रूप विराजमान है और यदि कोई छोटा बच्चा सो रहा हो और उसके आस-पास घंटियां बजाई जाएं तो उसकी नींद खराब हो सकती है। इसी वजह से आरती के दौरान घंटियां बजाने से मना किया जाता है।



nandgaon times june-26-3.qxd 6/25/2026 11:58 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, ग्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

रानी सागर' का अनंत विलाप और विकास बाबू की अंतहीन भूख

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव की ऐतिहासिक धरोहर 'रानी सागरज् इन दिनों एक अजीब से डर में जी रही है। डर यह नहीं कि वह सूख जाएगी या उसमें जलकुंभी उग आएगी—उसने तो इन दुर्दशाओं को अपनी नियति मान लिया है। डर इस बात का है कि हुक्मरानों को एक बार फिर उसकी 'खूबसूरती' याद आ गई है। और जब-जब राजनेताओं और अफ्सरों को किसी ऐतिहासिक तालाब की सुंदरता की फिक्र होती है, तब-तब जनता की जेब पर एक नया और भारी-भरकम 'डकैती' का बजट तैयार होता है। इस बार तो गजब ही हो गया है, तालाब को चमकाने का जिम्मा लोक निर्माण विभाग यानी कछुड़ा को सौंपा जा रहा है। वही कछुड़, जिसकी बनाई सड़कें पहली बारिश में ऐसे बहती हैं जैसे तालाब का पानी!

शहर में एक ढंग का गार्डन (उद्यान) तक न बना पाने वाला प्रशासन जब रानी सागर के कायाकल्प का दावा करता है, तो ऐसा लगता है जैसे कोई प्राइमरी फेल छात्र नासा का रॉकेट बनाने का टेंडर ले रहा हो।

संस्कारधानी (राजनांदगांव) की जनता पिछले कुछ दशकों से विकास का एक अद्भुत मॉडल देख रही है। यहाँ हर दो-चार साल में रानी सागर का चुनर्जन्मज् कराया जाता है। कुछ लाख रुपये की लाइटिंग लगती है, जो तीन महीने में फ्यूज हो जाती है। घटिया पेवर ब्लॉक बिछाए जाते हैं, जो नेताओं के पैर पड़ते ही उखड़ जाते हैं। पत्थरों पर चूना-पेंट पोतकर करोड़ों का बिल पास करा लिया जाता है। इसके बाद भी रानी सागर की सूरत जस की तस रहती है, हाँ... अलबत्ता ठेकेदारों और साहबों की गाड़ियों के मॉडल जरूर बदल जाते हैं। आखिर यह सौंदर्यकरण है या नेताओं-अफ्सरों की तिजोरियों का चोरीकरण?

इस पूरे खेल में सबसे रहस्यमयी चुप्पी राजनांदगांव के 'लाडले विधायक' और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की है। डॉक्टर साहब जब सूबे के मुखिया थे, तब भी राजनांदगांव को 'वीआईपी' जिला कहा जाता था, और आज जब वे सत्ता के शीर्ष आसनों में से एक पर विराजमान हैं, तब भी जिला वीआईपी ही है। लेकिन जनता पूछ रही है कि इस वीआईपी तमगे का फायदा रानी सागर को क्यों नहीं मिलता? क्या 'लाडले विधायक' जी की पारखी नजरों को खेल दिखाई नहीं दे रहा? या फिर वे भी इसे 'रूटीन प्रशासनिक प्रक्रिया' मानकर मौन की चादर ओढ़ चुके हैं? जब तक बड़े महराज का आशीर्वाद न हो, तब तक प्रशासनिक तंत्र में इतनी जुर्रत कहाँ कि वह जनता की गाढ़ी कमाई को बंदरबांट का नया टेंडर निकाल दे!

जिला प्रशासन और नगर निगम की साख तो पहले ही इतनी 'मजबूत' है कि वे बच्चों के खेलने के लिए एक पार्क ठीक से मेंटेन नहीं कर पा रहे। शहर के पार्क खंडहर बन चुके हैं और असामाजिक तत्वों की शरणस्थली हैं। जो तंत्र एक बगीचे की घास नहीं काट सकता, वह रानी सागर का उद्धार करेगा? और सोने पर सुहागा देखिए, इस बार साख बढ़ाने के लिए कछुड़ा को मैदान में उतारा गया है। कछुड़ा की साख से तो बच्चा-बच्चा वाकिफ है। वहाँ कमीशनखोरी की दरें इतनी फिक्स हैं कि शायद भगवान भी वहाँ बिना 'प्रसाद' चढ़ाए अपना मंदिर न बनवा पाएं। अब जनता खोखले दावों और कागजी चमकमाहट से ऊब चुकी है। लाइटिंग और रंग-रोगन के नाम पर आँखों में धूल झोंकने का यह धंधा अब बंद होना चाहिए। सरकार, जिला प्रशासन और राजनांदगांव के माननीय जनप्रतिनिधि अगर वाकई ईमानदार हैं, तो कछुड़ा को नया टेंडर बांटने से पहले पिछले दस सालों में रानी सागर पर फूंक दिए गए एक-एक रुपये का सार्वजनिक ऑडिट करवाएं। जनता को बताया जाए कि पहले जो करोड़ों बहे, वे किस ठेकेदार और किस साहब के बंगले की नींव में जाकर जमा हुए। अगर ऐसा नहीं होता, तो साफ है कि यह नया सौंदर्यकरण रानी सागर को सुंदर बनाने के लिए नहीं, बल्कि आने वाले चुनावों के लिए 'फंड' और रसूखदारों के लिए 'कमाई' का नया जरिया मात्र है।

रानी सागर गवाह है... इतिहास सब याद रखता है, और वक्त आने पर जनता इस 'कागजी विकास' का हिसाब सड़क पर उतरकर जरूर चुकता करेगी।

ट्रेड लाइसेंस शुल्क वृद्धि पर कैट की पहल, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दिया सकारात्मक आश्वासन

प्रदेश के लाखों व्यापारियों की चिंता से अवगत कराया, व्यापार हित में युक्तिसंगत समाधान की दिशा में सकारात्मक चर्चा - अमर पारवानी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी से सौजन्य मुलाकात कर छत्तीसगढ़ नगरपालिका व्यापार अनुज्ञापन (ट्रेड लाइसेंस) नियम, 2025 के अंतर्गत व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में की गई वृद्धि के संबंध में व्यापारियों की चिंताओं से अवगत कराया।CAIT छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधमंडल ने उपमुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश का व्यापारी वर्ग राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन तथा राजस्व वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में व्यापार अनुज्ञापन शुल्क में अत्यधिक वृद्धि से विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों, पारिवारिक व्यवसायों तथा स्थानीय बाजारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ सकता है। व्यापार करने की सुगमता को ध्यान में रखते हुए शुल्क संरचना का युक्तिसंगत एवं व्यावहारिक होना आवश्यक है।CAIT ने आग्रह किया कि नवीन शुल्क संरचना की पुनर्समीक्षा कर व्यापारी हितों एवं व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप संतुलित व्यवस्था बनाई जाए। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा विषय पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शासन व्यापारियों के हितों एवं प्रदेश के आर्थिक विकास दोनों के प्रति समान रूप से प्रतिबद्ध है तथा प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उचित निर्णय की दिशा में विचार किया जाएगा। CAIT के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन श्री अमर पारवानी ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में व्यापारी वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा शासन एवं व्यापारिक समुदाय के समन्वित प्रयासों से प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिनांक 23 जून 2026 को नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह एवं उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों का अभिनंदन कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे वे नए सत्र की पढ़ाई सुचारू रूप से प्रारंभ कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

ADMISSION OPEN
लक्ष्य पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम)
New Session Starts
NURSERY to VIII
शाखा 1 - शिव गजानन मंदिर, पुलम कॉलोनी, (ममता नगर)
शाखा 2 - बाई नं.5, चिखली, राजनांदगांव
शाखा 3 - चितालांगया कपाउंड, बसंतपुर,
संपर्क करें 6232984380 7869220880 9893000492

प्रवेश प्रारंभ (2026-27)
सनराईस पब्लिक स्कूल
कक्षा नर्सरी से हवीं तक (अंग्रेजी माध्यम)
आनंदपूर्ण व गतिविधि आधारित शिक्षा
भाषा कौशल पर फोकस
खेलकूद, क्रीड़ा और योग कक्षाएं
सुरक्षित वैन सुविधा उपलब्ध
: संपर्क करें :
पता : हल्दी, राजनांदगांव (छ.ग.)
8349413492, 7999401552, 8319172593
महिला टीचर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन

प्रवेश प्रारंभ 2026-2027
पायोनियर पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम
छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
Class - Nursery to 8th
* Special facilities
* Caring Teachers
* R.T.E.
* Free Admission
CCTV
कैमरे की निगरानी में सुरक्षित स्कूल
स्थानः चलह चौक के पास, बसंतपुर, वार्ड नं. 42, राजनांदगांव
मो. 9301779502,7987096627

डोंगरगढ़-बोरतलाव मार्ग बना पशु तस्करों का सुरक्षित कॉरिडोर!

हिंदू जागरण मंच ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, मवेशियों की अवैध तस्करी पर सख्त कार्रवाई की मांग

दिन-रात वाहनों से गाय-भैंसों का परिवहन, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के कट्टीखानों तक पहुंचाने का आरोप

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के डोंगरगढ़ एवं बोरतलाव थाना क्षेत्र से बड़े पैमाने पर पशु तस्करी किए जाने के आरोपों को लेकर हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संगठन का आरोप है कि क्षेत्र से प्रतिदिन दिन और रात के समय वाहनों के माध्यम से गाय, भैंस सहित अन्य मवेशियों की अवैध तस्करी की जा रही है। तस्कर इन पशुओं को महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न कट्टीखानों तक पहुंचा रहे हैं जबकि कुछ स्थानीय लोग भी इस पूरे नेटवर्क को संचालित करने में सॅलिप बताए जा रहे हैं।हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि डोंगरगढ़ एवं बोरतलाव थाना क्षेत्र की सड़कों का उपयोग पशु तस्करों द्वारा खुलेआम किया जा रहा है। संगठन के अनुसार, यह मार्ग तस्करों के लिए बेहद सुगम और सुरक्षित बन गया है, जिसके चलते रोजाना बड़ी संख्या में मवेशियों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। मंच का दावा है कि विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाहर के क्षेत्रों से मवेशियों को पहले डोंगरगढ़ लाया जाता है, जिसके बाद उन्हें स्थानीय वाहनों में भरकर महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश की सीमा तक पहुंचाया जाता है। सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि कुछ स्थानों पर डेयरी व्यवसाय की आड़ में पशुओं को रखा जाता है और बाद में उन्हें वाहनों के माध्यम से अवैध रूप से परिवहन कर तस्करी की जाती है। ज्ञापन के माध्यम से हिंदू जागरण मंच ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि डोंगरगढ़ और बोरतलाव थाना क्षेत्र से गुजरने वाले सभी मवेशी वाहनों की नियमित एवं सघन जांच की जाए। साथ ही अवैध परिवहन और पशु तस्करी में सॅलिप पाए जाने वाले व्यक्तियों तथा वाहनों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संगठन का कहना है कि गौवंश और अन्य मवेशियों को कट्टीखानों तक पहुंचाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए। मंच ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पशु तस्करी पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन स्वयं गौ माता की रक्षा के लिए आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। हिंदू जागरण मंच ने प्रशासन से मांग की है कि पशु तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए ताकि जिले में अवैध पशु परिवहन और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

सात सूत्रीय मांगों को सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने बीईओ को ज्ञापन सौंपा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लाक इकाई राजनांदगांव द्वारा 24 जून को राजू साहू विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन ने बीईओ से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।सौंपे गए ज्ञापन में निम्न बिंदुओं पर ध्यानाकृष्ट किया गया है। राष्ट्रीय अभियान जनगणना 2027 में भीषमकालीन अवकाश के दौरान जनगणना ड्यूटी में कार्यरत शिक्षक संवर्ग को अर्जित अवकाश प्रदान किया जावें। जो शिक्षक टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं उनकी सेवा पुस्तिका में संधारण किया जावें। सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ चासबुक का संधारण किया जाये ताकि भविष्य में शिक्षक वर्ग एवं उनके परिजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

फेडरेशन ने बीईओ से शीघ्र ही विकासखण्ड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की

विकासखण्ड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक रखने की मांग की

बैठक रखने की मांग की ताकि विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित होकर शिक्षकों की समस्याओं को रख सकें और उनका शीघ्र निराकरण हो सके। पूर्व में आर्थिक सामाजिक सर्व कार्य में ड्यूटी किये शिक्षक संवर्ग को अजित अवकाश प्रदान करने की मांग की गई है वीएसके एप में सर्वर, तकनीकी त्रुटियों के कारण आनलाईन उपस्थिति में होने वाली परेशानियों का निराकरण की मांग की गई है एवं वर्तमान में शिक्षकों की स्कूल पढ़ाई सहित विभिन्न कार्यों में अत्यधिक व्यस्तता के चलते एफ एल. एन. अंतर्गत असाइनमेंट जमा करने हेतु अत्यधिक दबाव नहीं देने का आग्रह किया गया है ताकि शिक्षकों में मानसिक तनाव न बढ़े। उपरोक मांगो पर बीईओ राजू साहू का सकारात्मक रूख देखने को मिला। जुलाई में विकासखण्ड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक रखने पर सहमति दी। ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, राजनांदगांव ब्लाक अध्यक्ष सूरज शर्मा, जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, ब्लाक सचिव डीषम प्रसाद तिवारी, जिला पदाधिकारी भरत साहू, छब्बू साहू , अनिल शर्मा,राजेश कावरे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड छुरिया के ग्राम शिकारीटोला में आदिवासी ध्वज गोंड समाज द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक श्री भोलाराम साहू शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की महान वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका त्याग, शौर्य और बलिदान आज भी समाज को राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज के युवाओं से रानी दुर्गावती के आदर्शों को अपनाकर समाज और देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी ध्वज गोंड समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने विधायक श्री भोलाराम साहू का पारंपरिक तरीके से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

मातेश्वरी जगदम्बा की 61वीं पुण्य स्मृति पर ब्रह्माकुमारीज में अलौकिक समागम आयोजित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी की 61वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर लालबाग स्थित वरदान भवन में श्रद्धा एवं आध्यात्मिक भावनाओं के साथ24जून बुधवार को अलौकिक समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्यों ने सहभागिता कर मातेश्वरी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति के साथ हुआ। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी के त्याग, तपस्या, समर्पण एवं आध्यात्मिक सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मातेश्वरी जी ने अपने जीवन को मानव कल्याण और आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित किया तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पुष्पा दीदी जी ने बताया कि मातेश्वरी जी का जीवन सादगी, अनुशासन, सेवा और

आध्यात्मिक मूल्यों का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी लाखों लोगों को श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने सभी को उनके पदचिह्नों पर चलकर समाज में शांति, प्रेम और नैतिक मूल्यों के प्रसार का संदेश दिया। समागम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी मातेश्वरी जी के जीवन एवं कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिकता, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

अंत में सभी ने विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए सामूहिक रूप से मेडिटेशन का अभ्यास किया तथा मातेश्वरी जगदम्बा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर भागवतचार्य विनोद गोस्वामी,किसान नेता अशोक चौधरी,पूर्व लोकपाल अमलेन्दु हाजरा, भूतपूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष राजेश शर्मा, स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन,पार्षद राजा माखीजा, पार्षद चन्द्रशेखर लश्करे, पार्षद प्रियंका कुरनजेकर, डॉ नरेन्द्र गौधी, राकेश ठाकुर, भागचंद सोमानी, लायन्स क्लब अध्यक्ष अमित खंडेलवाल,नरेश परचानी,डॉ पदमा पारख,शारदा तिवारी, डॉ साधना तिवारी,श्रीमती चम्पा गुधा,सनातन धर्म महिला मण्डल की प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, ज्योतिषाचार्य नीलम शुक्ला, मधु खंडेलवाल,श्रीमती शीला गौधी, अखण्ड ब्राह्मण समाज महिला मण्डल अध्यक्ष ममता अवस्थी, कस्तूरबा महिला मण्डल अध्यक्ष अल्का जानी, श्रीमती रब्बा ओसवाल,अर्चना दास, वर्षा अग्रवाल, दीपा सोमानी,प्रियंका डोडिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com